# वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिये बैंकिंग सुविधा

कोटक महिन्द्रा बैंक बिना किसी भेदभाव के दिव्यांग ग्राहकों को बैंकिंग सेवाएँ और प्रॉडक्ट्स देने के लिये प्रतिबद्ध है। आरबीआई के दिशानिर्देश सूचनाओं/परिपत्रों के रूप में शाखाओं/कर्मचारियों को जारी किये गये हैं।

## 1. वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिये समर्पित काउंटर/प्राथमिकताः

कोटक महिन्द्रा बैंक शाखाओं में ''मे आई हेल्प यू'' डेस्क हैं, जो वरिष्ठ नागरिकों / दिव्यांगों की बैंकिंग संबंधी आवश्यकताओं को उच्च प्राथमिकता देते हैं।

## 2. चेक बुक सुविधाः

कोटक महिन्द्रा बैंक पिछली जारी की गयी चेक बुक के भीतर मौजूद आग्रह पर्ची द्वारा अनुरोध प्राप्त होने पर ग्राहकों को चेक बुक जारी करेंगे। चेक बुक जारीकरण अनुरोध जमा करने के लिये ग्राहकों को शाखा में जाने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही ग्राहक नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, कस्टमर एक्सपीरियंस सेंटर और एसएमएस बैंकिंग जैसी वैकल्पिक पद्धतियों के द्वारा भी चेक बुक का आवेदन कर सकते हैं।

## 3. खाते की स्थिति का स्वतः रूपांतरणः

1 जनवरी, 2018 से; कोटक महिन्द्रा बैंक स्वतः बैंक के रेकॉर्ड्स में उपलब्ध जन्मतिथि के आधार पर खाते की स्थिति को 'वरिष्ठ नागरिक खाते' में बदल देंगे, बशर्ते कि ग्राहक के खाते में केवाईसी का पूरी तरह पालन किया गया हो।

## 4. फॉर्म 15G/H भरने में आसानीः

ग्राहक फॉर्म 15G/H जमा करने के लिये कोटक महिन्द्रा बैंक की किसी भी शाखा में जा सकते हैं। साथ ही ग्राहक फॉर्म 15G/H ऑनलाइन जमा करने के लिये बैंक की नेट बैंकिंग सेवाओं का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

## 5. दृष्टिबाधित ग्राहकों के लिये अतिरिक्त सुविधाएंः

कोटक महिन्द्रा बैंक सिंगल होल्डिंग कैपेसिटी (एकल धारण क्षमता) के लिये बीमार/बूढ़े/विकलांग (दृष्टिबाधित ग्राहकों समेत) व्यक्तियों का खाता खोलने की व्यवस्था करेंगे। ग्राहक को संयुक्त खाता खोलने की आवश्यकता नहीं होगी।

## 6. डोर स्टेप बैंकिंगः

कोटक महिन्द्रा बैंक GSFC के अनुसार नाम मात्र ख़र्च पर छोटे बचत खाते वाले ग्राहकों के अलावा बैंक के रेकॉर्ड्स में अपना पैन दर्ज कराने वाले वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों को होम बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करते हैं। 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों या अशक्त लोगों जैसे ग्राहकों के पास नेट बैंकिंग द्वारा या हमारे कस्टमर एक्सपीरियंस सेंटर या उनके रिलेशनशिप मैनेजर को कॉल करके ''डोरस्टेप बैंकिंग'' का आग्रह करने का विकल्प है।

KMBL / Aug 2023 / V 1.01